दिनांक- 29.09.2025 जनपद- ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में एसडीआरएफ टीम द्वारा आपदा प्रबंधन से जुड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी में बचाव एवं राहत कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले नवीनतम उपकरण, सुरक्षा सामग्री तथा तकनीकी संसाधन प्रदर्शित किए गए। प्रदर्शनी का उद्देश्य जनमानस को आपदा के समय एसडीआरएफ की कार्यप्रणाली से अवगत कराना एवं सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। SDRF द्वारा लगाई गई यह प्रदर्शनी न केवल आपदा प्रबंधन की जानकारी देती है बल्कि युवाओं व आगंतुकों को भी सुरक्षा के प्रति प्रेरित करती है। यह पहल एसडीआरएफ की कार्यकुशलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।







